
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

29 अक्टूबर 2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

शिक्षा का उद्देश्य बच्चे में निहित आत्मविश्वास

और एकाग्रता को बाहर लाना है।

स्वामी विवेकानंद जी



राकेश कुमार

Teachers of Bihar
The change makers
दिवस विशेष
29 अक्टूबर

मधु प्रिया

# अंतर्राष्ट्रीय इंटरनेट दिवस 29 अक्टूबर




अंतर्राष्ट्रीय इंटरनेट दिवस वर्ष 1969 में इलेक्ट्रॉनिक संदेश भेजने हेतु इंटरनेट के सर्वप्रथम उपयोग की वर्षगांठ के अवसर पर 29 अक्टूबर 2014 को विश्व स्तर पर मनाया गया। दूरसंचार और प्रौघोगिकी के इतिहास में महत्वपूर्ण दिवस की याद में प्रतिवर्ष 29 अक्टूबर को दुनिया भर में मनाया जाता है। अंतरराष्ट्रीय इंटरनेट दिवस को प्रतिवर्ष मनाने का काम 2005 से शुरू किया गया।अगर इंटरनेट का अर्थ हिंदी में खोजें तो शब्द मिलता है "अंतरजाल" एक ऐसा नेटवर्क जिससे दुनिया भर के कंप्यूटर आपस में तार और बिना तार के जुडें हुए हैं आप इसकी तुलना मकड़ी के जाल से भी कर सकते हैं क्योंकि यह बहुत जटिल नेटवर्क हैं व्यवहारिक भाषा में "अंतरजाल" शब्द का प्रयोग नहीं किया जाता है यहां तक कि बहुत से लोग इंटरनेट को केवल नेट कहकर ही सम्बोधित करते हैं इंटरनेट को वर्ल्ड वाइड वेब के नाम से भी जाना जाता है। वेब का शाब्दिक अर्थ तरंगों से होता है। मानव इतिहास का सबसे महत्वपूर्ण अविष्कार 29 अक्टूबर को हुआ अविष्कार माना जाता है। कोई भी अविष्कार बिना इंटरनेट के होना संभव नहीं था। वर्ष 2005 से प्रत्येक 29 अक्टूबर को हम इंटरनेट प्रसारण की वर्षगांठ के रूप में मनाते हैं। अन्तर्राष्ट्रीय इंटरनेट दिवस इंटरनेट के निर्माण में मदद करने वाले लोगों के लिए मनाया जाता है। इंटरनेट के अविष्कार ने हमारा जीवन हमेशा के लिए बदल दिया।1996 गूगल ने स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय में एक अनुसंधान परियोजना शुरू किया जो कि दो साल बाद औपचारिक रूप से काम करने लगा, इस दशा में प्रगति होती गई और धीरे-धीरे हुई प्रगति के फलस्वरूप इंटरनेट ने एक बड़ा और विशाल रूप धारण कर लिया। आज आपके पास इंटरनेट का पावर है, जिससे आप कुछ भी कर सकते हैं, पलभर में कोई भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। आज हर जगह इंटरनेट का प्रयोग हो रहा है, पिछले कुछ वर्षो में लोग इससे इस तरह जुड गये हैं कि आने वाले समय में आप बिना इंटरनेट के किसी भी तकनीक की कल्पना नहीं कर सकते हैं, आज कोई भी क्षेत्र इंटरनेट से अछूता नहीं है।

# पुण्यतिथि विशेष 29 अक्टूबर



पद्मविभूषण और पद्मभूषण से सम्मानित भारतीय हस्तकला
के क्षेत्र में नवजागरण लाने वाली
समाज सुधारक और स्वतंत्रता सेनानी

## कमलादेवी चट्टोपाध्याय जी

की पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि

(03 Apr 1903 - 29 Oct 1988)

**कमलादेवी चट्टोपाध्याय** *Kamaladevi Chattopadhyay*, जन्म: 3 अप्रैल, 1903; मृत्यु: 29 अक्टूबर, 1988) भारत की समाज सुधारक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, तथा भारतीय हस्तकला के क्षेत्र में नवजागरण लाने वाली गाँधीवादी महिला थीं। उन्हे समाज सेवा के लिए 1955 में पद्म भूषण और सामुदायिक नेतृत्व के लिए सन 1966 में रेमन मैग्सेसे पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## लाभ और हानि (profit and loss)

### विशेष सूत्र (special formulae)

**Trick -4**

जब x रु में y वस्तु ख़रीद कर y रु में x वस्तु बेची जाए तो ,

प्रतिशत हानि $= \frac{x^2 - y^2}{x^2} \times 100$ ( जहां $x > y$ )

जैसे - जब 4 रु में 3 नारंगी खरीद कर 3 रु में 4 नारंगी बेची जाए तो प्रतिशत हानि क्या होगा?


हलः- प्रतिशत हानि $= \frac{4^2 - 3^2}{4^2} \times 100$

$= \frac{16-9}{16} \times 100 = \frac{7}{16} \times 100 = 43\frac{3}{4}\%$


Anu Priya, Science Teacher

## TOB
## खेल कॉर्नर

# वनडे में सबसे ज्यादा 150+ की पार्टनरशिप




# प्लेयर ऑफ द सीरीज जीतने वाले सबसे उम्रदराज भारतीय



**रोहित शर्मा**
38 साल 178 दिन



**एमएस धोनी**
37 साल 194 दिन



**सुनील गावसकर**
37 साल 190 दिन

Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 29.10.2025

## गेमीफिकेशन शिक्षा

गेमीफिकेशन शिक्षा के संदर्भ में, सीखने की प्रक्रिया को मज़ेदार और आकर्षक बनाने के लिए खेल के तत्वों और डिज़ाइन सिद्धांतों का उपयोग करने की तकनीक है। यह छात्रों की प्रेरणा और सक्रिय भागीदारी को बढ़ाती है, जिससे सीखने के अनुभव को अधिक प्रभावी बनाया जाता है।

 राकेश कुमार

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान





प्राचीन भारतीय ग्रंथ भगवद्गीता को चीनी विद्वानों ने आधुनिक विश्व के लिए 'ज्ञान का अमृत' तथा 'भारतीय सभ्यता का लघु इतिहास' करार दिया है। चीनी विद्वानों ने कहा कि यह आधुनिक युग में लोगों के समक्ष उभरने वाली आध्यात्मिक एवं भौतिक दुविधाओं का समाधान प्रस्तुत करती है।

# पद्य पंकज

"


ज्ञानी बनकर
मत नीरस उपदेश दीजिए।
लोक कर्म भव सत्य
प्रथम सत्कर्म कीजिए।

**सुमित्रा नंदन पंत**


www.padyapankaj.teachersofbihar.org

Madhu priya


29 अक्टूबर
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
अंतर्राष्ट्रीय इंटरनेट दिवस
Madhu priya
www.teachersofbihar.org


29 अक्टूबर
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
विश्व स्ट्रोक दिवस
www.teachersofbihar.org
Madhu priya





# विजेंदर सिंह बेनीवाल

जन्म 29 अक्टूबर 1985

## जन्मदिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं।

Madhu priya

www.teachersofbihar.org